गैरसैंण, सोमवार
11 दिसम्बर 2023
वर्ष: 14
अंक: 211 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट सुनाएगा निर्णय

## चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज होगा फैसला

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू–कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना निर्णय सुनाएगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 11 दिसंबर (सोमवार) की सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला सुनाएगी। पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत हैं।

**पांच सितंबर को मामले में रखा फैसला सुरक्षित**

शीर्ष अदालत ने 16 दिनों की सुनवाई के बाद पांच सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान अनुच्छेद 370 को



निरस्त करने का बचाव करने वालों और केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य की दलीलों को सुना था। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस की थी। केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों– जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

### केंद्र ने 370 को लेकर दिया था यह तर्क

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करने वाले कुछ याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि इस प्रावधान को निरस्त नहीं किया जा सकता था क्योंकि जम्मू और कश्मीर संविधान सभा का कार्यकाल 1957 में पूर्ववर्ती राज्य के संविधान का मसौदा तैयार करने के बाद समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा था कि संविधान सभा के विलुप्त हो जाने से अनुच्छेद 370 को स्थायी दर्जा मिल गया है। केंद्र ने तर्क दिया था कि पूर्ववर्ती जम्मू–कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले प्रावधान को रद्द करने में कोई "संवैधानिक धोखाधड़ी" नहीं हुई थी।

## कोरोना की आहट!

## पिछले 24 घंटे में सामने आए 166 नए मामले



नई दिल्ली। देश में एक बार फिर कोविड–19 ने दस्तक दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में रविवार को 166 कोविड –19 के नए मामले सामने आए हैं। देश में इस समय कुल सक्रिय मामलों की संख्या 895 है।

**केरल में बढ़े कोरोना के मामले**

सबसे ज्यादा ताजा मामले केरल में सामने आए। सर्दियों की वजह से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियां फैल रही है, जिसकी वजह से कोविड के मामले में बढ़ोतरी दर्ज होने की आशंका है।

**देश में कोविड की वजह से पांच लाख से ज्यादा लोगों की मौत**

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक भारत में अब तक कोरोना वायरस से 4 करोड़ 50 लाख 2 हजार मामले सामने आए। वहीं कोरोना से मरने वालों की संख्या 5 लाख 33 हजार 306 है। बता दें कि अब तक देशभर में कोविड वैक्सीन की 220.67 करोड़ खुराक लगाई गई है।



## चैक बाउंस के मामले में अभियुक्त को एक वर्ष का कारावास

**अल्मोड़ा(सं)।** चैक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा ने अभियुक्त को एक वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। परिवादी राजेंद्र कुमार पांडेय ने अभियुक्त रितेश कुमार के विरुद्ध एक वाद इस आशय से प्रस्तुत किया था कि अभियुक्त के ड्राइवर नवीन चंद्र जोशी ने परिवादी से अभियुक्त का परिचय करवाया था। परिचय होने के बाद अभियुक्त ने परिवादी को विश्वास दिलाया था कि वह लामाचौड़ हल्द्वानी में उसे जमीन दिलाएगा तथा परिवादी से बयाने के रूप में 25 लाख रुपए उसके ड्राइवर नवीन चंद्र जोशी के खाते में डलवाए। नवीन चंद्र जोशी ने अभियुक्त रितेश पाण्डेय के खाते में 25 लाख रुपए डाल दिए। परंतु अभियुक्त द्वारा परिवादी को जमीन नही दी गई बार बार तकादा करने पर अभियुक्त ने एक चैक 25 लाख रुपए का अभियोगी को भुगतान बाबत दिया उक्त चैक बैंक से बाउंस हो गया। परिवादी द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा के न्यायालय में वाद दायर किया गया। न्यायालय द्वारा पत्रावली का अवलोकन कर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त रितेश पाण्डेय को एक वर्ष के साधारण कारावास तथा रुपया 25.60 लाख के अर्थदंड से दंडित किया।

## अधिवक्ता से मारपीट के मामले में चार पर केस

**काशीपुर(सं)।** एक अधिवक्ता ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और धमकाने के आरोप में केस दर्ज कराया है। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को दी तहरीर में गौरव रावत ने बताया कि 20 नवंबर को वह अपनी पैतृक कृषि भूमि गए थे। इसमें उन्होंने धान की फसल बोई है। वहां मौजूद शकुंतला रावत पुत्र तेज सिंह रावत, विनोद चौहान व रामचंद्र पुत्रगण नौरंग सिह चौहान और विनोद चौहान के पुत्र ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए। हमले में उनके कान पर गंभीर चोट आई है और कान से खून आ रहा है। हमले के कारण उन्हें सुनाई भी कम दे रहा है। हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## 40 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**काशीपुर(सं)।** कच्ची शराब की तस्करी करती एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। शनिवार रात कुंडा थाने के उपनिरीक्षक होशियार सिंह गशत पर थे। गढ़ीनेगी में कच्चे रास्ते से एक महिला सिर पर सफेद रंग का प्लास्टिक का बैग ले जाते हुए दिखाई दी। शक होने पर पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से कट्टे में काले रंग की रबड़ ट्यूब में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। महिला ने अपना नाम संतोष कौर पत्नी लखविंदर सिंह निवासी ग्राम गढ़ीनेगी बताया।

## बागेश्वर में 15 निर्धन लोगों को बांटे कंबल

**बागेश्वर(सं)।** हर साल की तरह इस साल भी बागनाथ फड़ व्यावसाय कल्याण समिति ने 15 निर्धन को कंबल दिया गया। बागनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष किशन राम ने कहा कि नगर में कोहरा व पाला पड़ने लगा है। इससे ठंड बढ़ गई है। इस मौके पर भीम कुमार, राजेंद्र गिरी, पंकज जोशी, सुरेश राठौर आदि मौजूद रहे।

## नेत्र शिविर में दूर–दराज से पहुंचे लोग

**बागेश्वर(सं)।** हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल द्वारा बागेश्वर गुरुद्वारे में एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें 11 बजे तक 23 लोग पहुंचे। चिकित्सक प्रदीप सिंह ने उनकी जांच की। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन होने हैं उन्हें चिह्नित किया जा रहा है।

# जिले में 66 हजार तीन सौ बत्तीस बच्चों ने पी पोलियों की खुराक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रविवार को जिलेभर में पल्सपोलियो अभियान चलाया जाएगा। जिलेभर में 66 हजार तीन सौ बत्तीस बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि सभी अस्पतालों के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। सीएमओ डा.प्रवीण कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो दवा को पर्याप्त मात्रा में विभिन्न केंद्रों पर समय से रखवा दिया गया है। कहा कि सभी



कोटद्वार के एक विद्यालय में बच्चों को पोलियो पिलाने में सहयोग करती छात्राएं

क्षेत्रों में शत–प्रतिशत बच्चें कवर हो, इसके लिए माइक्रो प्लान बनाया गया है।

बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए 1 लाख 64हजार 3 सौ 10 घरों का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत 531बूथ, 19 ट्रांजिंट बूथ, 26 मोबाइल बूथ, 1627घर–घर भ्रमण के लिए टीमे बनाई गई है। बताया कि 11 से 16 दिसंबर तक डोर–टू–डोर अभियान चलाते हुए छूटे हुए बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी।

# रावण, कुंभकर्ण व विभीषण जन्म लीला का हुआ मंचन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** पाबौ ब्लाक के सरणा गांव में चल रही रामलीला के दूसरे दिन रावण जन्म हुआ। इस दौरान रामलीला देखने बड़ी संख्या में ग्रामीणें की भीड़ जुटी रही। लंका में रावण, कुंभकर्ण और विभीषण का जन्म हुआ उसके बाद तीनों भाइयों ने घोर तपस्या की। इस पर प्रसन्न होकर ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने दर्शन दिए।

तीनों भाइयों ने इच्छानुसार वर मांगा। इसके पूर्व प्रभु ने कुंभकर्ण की नियत को समझकर मां सरस्वती को कुंभकर्ण की मति घुमाने को कहा। इसके बाद कुंभकर्ण ने इंद्रासन की जगह निद्रासन मांग ली। इसे सुनकर रावण अत्यन्त दुखी हुआ और प्रभु से कुंभकर्ण द्वारा मांगे गए वरदानों में राहत देने का निवेदन किया। इस पर छह



रामलीला में मंचन करते कलाकार

महीने में एक दिन जागने का प्रभु ने वरदान देकर रावण की विनती को स्वीकार किया। दूसरी तरफ राजा मनु ने अपनी पत्नि सतरूपा के साथ जंगल में घोर तपस्या की। इस पर भगवान विष्णु प्रकट हुए और त्रेता युग में मनु और सतरूपा के घर जन्म देने का वर दिया। बताया कि मेरे साथ आदि शक्ति के रूप मे माता लक्ष्मी और शेषावतार

## मानवाधिकार की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** मानव अधिकार दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई राठ महाविद्यालय पैठाणी पौड़ी द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया क गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि प्रेम, सहयोग, समता और भाईचारे को महत्व देते हुए कहा कि मानवीय मूल्यों का संरक्षण करना ही मानवाधिकार है क

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. देव कृष्ण थपलियाल ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लगातार यह महसूस किया जाना लगा था, युद्धों और दुसरी विभीषिकाओं में बड़ी संख्या मे निदोषों लोगों की जान ली जाती है, जो कि मानवता के साथ खिलवाड़ है, इसी कारण 10 दिसंबर 1948 को मानव अधिकार का चार्टर स्वीकार कर लिया गया, तब से हर साल मानवाधिकार दिवस मनाए जाने की परंपरा विकसित हुई।

यह दिवस हमे मानव अधिकारों के प्रति सचेत करने–कराने के लिए प्रेरित कराता है।

## अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जिला कारागार में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**अल्मोड़ा(सं)।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा शचि शर्मा द्वारा रविवार को जिला कारागार, अल्मोड़ा में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया व बंदियों को बताया गया कि इस दिन को 'अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 1950 में दस दिसंबर को मानवाधिकार दिवस घोषित किया था, जिसका उद्देश्य विश्व भर के लोगों को मानवाधिकारों के महत्व के प्रति जागरूक करना और इसके पालन के प्रति सजग रहने का संदेश देना है।

# गोला फेंक में भूमि, कशिश, हीना रही प्रथम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** जिला स्तरीय खेल महाकुंभ कंडोलिया मैदान में अंडर 14, 17, 19 बालिका वर्ग की एथलेक्टिस की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के तहत अंडर 19 बालिका वर्ग के ऊंचीकूद में सुप्रिया ने पहला, 1500 मीटर दौड़ में कामिनी ने पहला, 800 मीटर दौड़ में शीतल ने पहला, गोलाफेंक में भूमि, चक्काफेंक में भूमि ने पहला स्थान पाया। अंडर 17 बालिका वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में रिता ने पहला, ऊंची कूद में सोनिया, 800 मीटर में दिक्षा, गोलाफेंक में कशिश ने पहला स्थान पाया।

अंडर 14 बालिका वर्ग के 60 मीटर दौड़ में आरूषी ने पहला, गोलाफेंक में हीना बानू, 600 मीटर दौड़ में रेखा, लंबी कूद में नव्या ने पहला स्थान पाया।इस मौके पर



प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक व अन्य

जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवान सिंह गुसांई, महेश कुमार, अनिल कुमार, दिनेश चौहान, संदीप खंकरियाल, अंकित पंवार, दिनेश नेगी, प्रवीन बिष्ट आदि शामिल रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य कैंप में हुई नेत्रों की जांच



कैम्प में लोगों के आंखों की जांच करते चिकित्सक

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** सर्व कल्याण विकास समिति की ओर से देवी नगर स्थित एक विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य कैंम्प का आयोजन किया गया।

शिविर में लोगों के नेत्र परीक्षण के साथ नजर के चश्मों का वितरण किया गया। साथ ही शुगर ओर बीपी टेस्ट के साथ दवाइया भी वितरित की गई।

कैंप में दिल्ली से आई सात सदस्यीय डाक्टरों की टीम ने लोगों का चैक अप किया। कैंप में समिति अध्यक्ष पूजा सेमवाल व आयुष शर्मा,अंकित शाह,सुबोध धस्माना, हेमंत गौड़ एवं पार्षद सुभाष पांडे ने भी सहयोग दिया।

## सिंचाई विभाग द्वारा भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय मुख्य मार्ग को नवीनीकरण के कारण मंगलवार तक मार्ग बंद किया

**चम्पावत(सं)।** सड़क निर्माण के चलते भारत नेपाल के बीच आवागमन के मुख्य मार्ग को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है ' मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश बनबसा द्वारा एनएचपीसी गेट से शारदा बैराज तक लगभग दो किमी मार्ग बनाए जाने का कार्य चल रहा है ' जिसके चलते दो दिनों के लिए इस मार्ग से आवागमन पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है ' हालांकि सिंचाई विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर आवागमन को गडीगोठ से सुचारू कर दिया गया है ' सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के एसडीओ प्रशांत कुमार वर्मा ने बताया कि जर्जर हो चुके मार्ग नवीनीकरण किया जा रहा है जिसकी चलते कैनाल से शारदा बैराज तक के मार्ग को आवाजाही के लिए तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।जो बुधवार को चालू हो जाएगा।उन्होंने बताया कि भारत नेपाल आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर आवागमन गड़ीगोठ से सुचारू कर दिया गया है

## बाल श्रम करते हुए दो बच्चे पकडे

**पिथौरागढ़(सं)।** अंब्रेला टास्क फोर्स ने पिथौरागढ़, बेरीनाग,चौकोडी क्षेत्र के रेस्टोरेंटों,प्रतिष्ठानों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। टीम के सदस्यों ने दुकानदारों,होटल स्वामियों से बाल श्रम न कराने की अपील की। टीम ने दो बच्चों को पकड़कर बाल श्रम से मुक्त कराया। टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेंद्र सिंह बिष्ट,चंद्रशेखर पाटनी,जिला प्रोबेशन कार्यालय की पूजा वल्दिया,चाइल्ड हेल्पलाइन के लक्ष्मण सिंह,कार्ड संस्था की सुनीता चंद,जिला बाल कल्याण समिति के मनोज पाण्डे मौजूद रहे।

## आरएसएस का हुआ नगर एकत्रीकरण

**पिथौरागढ़(सं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नगर एकत्रीकरण कार्यक्रम हुआ। रविवार को नया बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में स्वयंसेवक एकत्र हुए। कार्यक्रम में सह प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नरेंद्र ने स्वंयसेवकों को संबोधित किया और आरएसएस के कार्यों के बारे में बताया। कहा कि संघ की 60 हजार शाखाएं व ढाई करोड़ से अधिक स्वयंसेवक हैं। संघ का लक्ष्य राष्ट्र को परम वैभव के पार ले जाना है,जिसमें देश के लोग खुशहाल व स्वस्थ जीवन का आनंद ले सकें।

## डायनेस्टी गुरुकुल के छात्रों ने जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में जीते गोल्ड मेडल

**रुद्रपुर(सं)।** खटीमा डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के छात्र वेदांत कन्याला ने शॉट पुट में गोल्ड मेडल,जतिन सौन ने 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल, मोहित पोखरिया ने डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने छात्रों व खेल प्रशिक्षक गोविंद सिंह खाती को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शित कर रहे हैं। चुनौतियों को स्वीकार करें ताकि आप जीत की भावना को महसूस कर सकें। विद्यालय विद्यार्थियों की इस प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की विद्यार्थी नए आयाम को अर्जित कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, भरत बिष्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, विजय रावत, कमल इकराल, हरीश भट्ट, विक्रम नाथ, सुरेंद्र रावत, गिरिश जोशी, ललित मोहन कापड़ी, करम सिंह ज्याला,कु. संजना, उषा चौसाली, हेमलता बोरा व विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मिनी स्टेडियम में सात दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**चम्पावत(सं)।** बनबसा– मिनी स्टेडियम चुनाभट्ठा में राजवार वाइस द्वारा ग्रामसभा वॉलीबाल टूर्नामेंट सीजन 2 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री मोनू ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।प्रतियोगिता में पहला मैच चुनाभट्टा बी ओर ओल्ड टाइगर्स टीमों के बीच खेला गया। जिसमें चुनाभट्टा बी टीम ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका कौशल चन्द,शैलेश चन्द और स्कोरिंग की भूमिका शुभम सिंह रावत ने निभाई,आंखों देखा हाल राहुल सिंह भंडारी के द्वारा निभाया गया।

# इंस्ट्राग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा(सं)।** नाबालिग से दुष्कर्म मामले में अल्मोड़ा पुलिस ने फरार अभियुक्त हिमांशु को गिरफ्तार किया है। बीती 26 नवंबर को एक व्यक्ति ने राजस्व क्षेत्र उपराड़ी, तहसील रानीखेत में अभियुक्त हिमांशु द्वारा उसकी नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में एफआईआर पंजीकृत कराई थी। जिसके बाद से अभियुक्त हिमांशु फरार चल रहा था। अपराध नाबालिग बालिका से सम्बन्धित होने पर जिलाधिकारी अल्मोड़ा के आदेशानुसार विवेचना अल्मोड़ा पुलिस को प्राप्त हुई।

एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा अभियोग की विवेचना तत्काल थानाध्यक्ष महिला थाना मीना आर्या के सुपुर्द कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष महिला थाना मीना आर्या द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम के साथ ठोस सुरागरसी–पतारसी से सूचना संकलन कर अथक प्रयासों के उपरांत अभियुक्त



हिमांशु उर्फ हेमंत सिंह(22 वर्ष) पुत्र तेज सिंह निवासी ग्राम बजेड़ी, पोस्ट धनियाकोट, थाना बेतालघाट, जनपद नैनीताल को शनिवार 09 दिसंबर को रानीखेत पुल, कालिका मोड़ के पास से गिरफ्तार कर पंजीकृत एफआईआर में आईपीसी व पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नाबालिग बालिका ने पूछताछ में बताया कि अभियुक्त हिमांशु के साथ इंस्टाग्राम में दोस्ती होने पर उसके द्वारा बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया गया। यहाँ पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक मीना आर्या, महिला कांस्टेबल सुदेश, कांस्टेबल राजीव जोशी, कांस्टेबल अनिल कुमार शामिल रहे।

## पेड़ गिरने से दर्जनों गाँवों की विद्युत आपूर्ति 18 घंटे रही बाधित

**अल्मोड़ा(सं)।** विकासखंड भैंसियाछाना के गाँवों को विद्युत आपूर्ति सप्लाई करने वाली 11केवी विद्युत लाइन में पेड़ गिरने से फॉल्ट आ गया। इस कारण विकासखंड के लगभग 50 गांवो के हजारों ग्रामीणों को ठंड में रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। करीब 18 घंटे बाद रविवार सुबह करीब 10:00 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। शनिवार शाम करीब 4:00 बजे बाड़ेछीना तथा पेटशाल के बीच 11केवी विद्युत लाइन के ऊपर चीड़ का पेड़ जा गिरा, जिससे विकासखंड भैंसियाछाना के बाड़ेछीना, धौलछीना, पेटशाल, पल्यूं बैण्ड, कसाणबैण्ड, जमराड़ी, मंगलता, कनारीछीना, सेराघाट के आसपास चार दर्जन से अधिक गाँवों में अंधेरा छा गया। बिजली गुल होने से हजारों ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में गुजारने को मजबूर होना पड़ा। ठंड में विद्युत सप्लाई बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने से घरों में बुजुर्ग, बच्चे तथा महिलाएं परेशान रही तो अस्पतालों में मरीजों तथा तीमारदारों को भी दिक्कतें उठानी पड़ी। कई जगहों पर पानी की सप्लाई भी बाधित रही।

## अंतरमहाविद्यालयी खो खो प्रतियोगिता में बागेश्वर की टीम विजयी

**अल्मोड़ा(सं)।** एसएसजे विवि की महिला वर्ग की अंतरमहाविद्यालयी खो खो प्रतियोगिता हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बागेश्वर की टीम विजयी रही। रविवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अवनींद्र कुमार जोशी व विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी ने किया। प्रतियोगिता में बागेश्वर, कपकोट, लोहाघाट, अल्मोड़ा, द्वाराहाट, चौखुटिया और मासी की टीमों के बीच प्रतियोगिताएं हुई। फाइनल मुकाबले में बागेश्वर की टीम राजकीय महाविद्यालय कपकोट की टीम को हराकर विजेता बनी। यहां मुख्य क्रीड़ा अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद, डॉ विवेक कुमार, छात्र संघ अध्यक्ष चंदन सिंह मेहरा, एसएसजे के मुख्य क्रीड़ा अधिकारी लियाकत अली, चंदन सिंह, राजेंद्र सिंह, राजेश आदि मौजूद रहे।

# सीआरसी चारूबेटा की प्रबंधन समितियों के प्रथम बैच का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रुद्रपुर(सं)।** सीआरसी चारूबेटा की न्याय पंचायत खेतलसंडा खाम की विद्यालय प्रबंधन समितियों के प्रथम बैच का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण राइंका चारूबेटा में मास्टर ट्रेनर रावेंद्र कुमार द्वारा संपन्न कराया गया।

ट्रेनर कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की बारीकियां सिखाते हुए नई शिक्षा नीति, समावेशी शिक्षा, बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, बालिका शिक्षा, शिक्षा के पात्र अपवंचित वर्गों के बच्चे, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, छात्रवृत्तियों, प्रतियोगिताओं, विद्यालय के अनिवार्य भौतिक संसाधनों, विद्यालय में बच्चे का ठहराव आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। सहयोगी मास्टर ट्रेनर विनय मिश्रा ने समिति के गठन, लेखा-पंजिकाओं के निर्माण, बच्चे के स्वास्थ्य के महत्त्वपूर्ण घटकों, बच्चे के सर्वांगीण विकास में एसएमसी के सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। राइंका चारुबेटा के प्रधानाचार्य और प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी रामनारायण वर्मा ने कहा कि विद्यालय व विद्यार्थी के किसी भी तरह के विकास में एसएमसी के सदस्यों के उत्तरदायित्व सबसे महत्त्वपूर्ण होते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शकुंतला कुशवाहा, कमला, पूनम, रचना आदि ने भी अपने विचार रखे। प्रशिक्षण में चारुबेटा संकुल की आठ समितियों राप्रावि चारुबेटा, चंदेली द्वितीय, चांदा, संतना, चांदा भुड़रिया, नौगवां पटिया, राउप्रावि नौगवाठग्गू और राइका चारुबेटा के अड़तालीस सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## काशीपुर में 40 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर(सं)।** कच्ची शराब की तस्करी करती एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। शनिवार रात्रि कुंडा थाने के उपनिरीक्षक होशियार सिंह गश्त पर थे। गढ़ीनेगी में हीरो बाईक के शोरूम पर खेतो के कच्चे रास्ते से एक महिला सिर पर सफेद रंग का प्लास्टिक का बैग ले जाते हुए दिखाई दी। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से कट्टे में काले रंग की रबड़ ट्यूब में 40 लीटर कच्ची शराब की। पूछताछ में महिला ने अपना नाम सन्तोष कौर पत्नी लखविन्दर सिंह निवासी ग्राम गढ़ीनेगी बताया। पुलिस ने आरोपी महिला तस्कर का आबकारी एक्ट की धारा 60 में चालान किया है।

## अवारा कुत्ते को बचाने के प्रयास में पिता–पुत्र घायल

**काशीपुर(सं)।** सड़क पर आवारा घूम रहे कुत्ते को बचाने के प्रयास में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। अमियावाला गांव निवासी नौशाद 37 वर्ष गांव में ही सीमेंट का व्यवसाय करते हैं। शनिवार की शाम वह अपने 15 वर्षीय पुत्र को दवा दिलाने के लिए बाइक से डॉक्टर के पास जसपुर जा रहे थे। लक्ष्मीपुरा खेड़ा गांव के पास सड़क पर आवारा घूम रहे कुत्ते को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक पलट गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां व्यवसाई के पुत्र का प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने उसे घर भेज दिया। नौशाद की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्राम प्रधान शाहनवाज हुसैन ने बताया कि सीमेंट व्यवसायी की हालत गंभीर बनी हुई है। उनके सिर में चोट आई है।

# ई–रिक्शा या घोड़ाबुग्गी से सरिया और एंगल ढोने पर होगी कार्रवाई

**काशीपुर(सं)।** ई–रिक्शा और घोड़ा बुग्गी में बेतरतीब ढंग से सरिया और अन्य बिल्डिंग मैटेरियल परिवहन किए जाने के मुद्दे पर एएसपी ने लोहा व्यापारियों की बैठक लेकर सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिए सुगम और सुरक्षित उपायों का पालन करने के निर्देश दिए। तीन दिन पूर्व एएसपी अभय सिंह ने औचक चेकिंग अभियान चलाकर छह ई–रिक्शा को सीज किया था। इनमें सरियों के बंडल और लोहे के 20 से 30 फिट लंबे एंगल लादकर ले जाए जा रहे थे। रविवार को एएसपी अभय सिंह ने लोहा व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि शहर में घोड़ा–बुग्गी अथवा भैंसा गाड़ियों से माल न भेजें। अक्सर जानवरों के बिदक जाने से हादसों की संभावना बनी रहती है। व्यापारी अपना बड़ा माल ट्रैक्टर–ट्रॉली से भेजें और ओवरलोडिंग न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

एएसपी ने कहा कि ई रिक्शा माल वाहन पर सरिया आदि सामान लोड करने पर दोनों सिरों पर कैपिंग कराएं तथा थर्मोप्लास्टिक का रोगन कराने की हिदायत दी। उन्होंने ई रिक्शा, घोड़ा–बुग्गी व भैंसा गाड़ियों से माल भेजने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी, सीपीयू प्रभारी जसवंत सिंह के साथ लोहा व्यापारी विवेक पैगिया, पुष्प अग्रवाल, सोम प्रकाश अग्रवाल (बब्लू), नितिन अग्रवाल, मुनेश विन्दल, अमित शंकर अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# मैत्री क्रिकेट मैच में राजपूत आर्मी रही विजयी

**अल्मोड़ा(सं)।** पुलिस लाइन में 22 राजपूत आर्मी जवानों और पुलिस के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। मुकाबले में आर्मी जवानों की टीम ने पुलिस प्रशासन को दो विकेट से मात दी। रविवार को मुकाबले से पहले डीएम विनीत तोमर और एसएसपी आरसी राजगुरु ने कहा कि पुलिस जवानों को शरीर के साथ मानसिक रूप से फिट रहना जरूरी है। इसके लिए समय–समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जवानों को फिट रखने में मदद करता है। इसके बाद हुए



मुकाबले में पुलिस प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 128 रन बनाए। आरक्षी पृथ्वीराज सिंह ने सर्वाधिक 89 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्मी इलेवन ने 15वें ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। पुलिस की ओर से इरफान खान ने चार विकेट झटके। विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों से पुरस्कृत किया गया। यहां कमांडिंग ऑफीसर 22 राजपूत कर्नल विनय यादव, लेफ्टिनेंट कर्नल अमित मिश्रा, डीएफओ दीपक सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन जितेन्द्र पाठक, लाइन मेजर नवीन पाठक आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों की रैली आज

**कोटद्वारः** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से शहर के समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर आज सोमवार 11 दिसंबर को जनाक्रोश रैली निकाली जायेगी। रैली चिलरखाल बैरियर से मालन पुल होते हुए तहसील परिसर पहुंचेगी। यहां पर तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। यह जानकारी समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने दी।

## विद्यालय बंद करने की सूचना पर जताया रोष

कोटद्वारः आर्य कन्या इंटर कालेज बंद करने की सूचना पर अभिभावक संघ व विद्यालय प्रशासन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि आर्यकन्या इंटर कालेज शहर का सबसे पुराना विद्यालय है। ऐसे में इस तरह का निर्णय ठीक नहीं है। विद्यालय की प्रधानाचार्य रेनू नेगी ने कहा कि इस तरह की सूचना मिल रही है कि आर्य समाज आर्यकन्या इंटर कालेज को बंद करने का निर्णय ले जा रहा है। जबकि, यह विद्यालय वर्ष 1946 से लगातार संचालित हो रहा है। शहर के सबसे पुराने इस विद्यालय से पढ़कर कई छात्राएं आज आज देश के सर्वोच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। कहा कि एक तरफ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को संदेश दिया जा रहा ओर एक तरफ इस तरह के निर्णय लिए जा रहे हैं। स्थिति देखकर लगता है कि आर्य समाज अपने मूल उद्देश्य से भटक रहा है। वर्तमान में विद्यालय में चार सौ छात्राएं शिक्षा ले रही हैं। ऐसे में इनके भविष्य पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## चित्रकला में सौम्या व कृष्णा रहे प्रथम

**पौड़ीः** उमेश डोभाल स्मृति ट्रस्ट पौड़ी द्वारा धरणीधर चंदोला चित्रकला प्रतियोगिता, बीमोहन नेगी रेखांकन प्रतियोगिता, राजेंद्र रावत राजू निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग लगभग 270 बच्चों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता के तहत आयोजित धरणीधर चंदोला चित्रकला प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में सौम्या भंडारी ने पहला, आरव रावत ने दूसरा, आयुष्मान बड़थ्वाल ने तीसरा स्थान पाया। इसके साथ ही कनिका, दीपशिखा, आयुषी बड़थ्वाल, अंशिका, आराध्या, निशा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग में कृष्णा पहले, सौम्या नेगी दूसरे, अनुष्का तीसरे स्थान पर रहे। माही काला, स्वप्निल नौटियाल, श्रेयसी, अनुष्का, दिव्यांशी, अनुष्का को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

**पौड़ीः** जनता इंटर कालेज ल्वाली का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्कूल के पुरातन छात्र छात्राओं सेवानिवृत्त परमेंद्र सिंह नेगी, राजेंद्र सिंह राणा, शंकर सिंह चौहान को सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल की छात्रा दिव्या सजवाण, हिमानी, आकांक्षा, प्रियांशु कुकरेती, अंश नेगी के साथ मयंक नौटियाल को बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्रा निहारिका नैथानी, राज्य स्तरीय चयनित छात्र गौरव भंडारी, अक्षित राणा, ऋषभ व अमित को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि एनएनटेटव टच यॉर शोयल संस्था की संस्थापक मधु चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना की। संस्था द्वारा विगत तीन वर्षो से स्कूल के सभी छात्रों को स्वेटर, ट्रैक सूट ,जूते, बोतल,बैग, स्कूल में बालक बालिकाओं के लिए सुलभ शौचालय निर्माण के साथ ही 2 कक्षाओं व 1 हॉल के निर्माण करवाया गया है। जिस पर सभी ने संस्था का धन्यवाद किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य नागेंद्र जुगराण, विशिष्ट अतिथि अशोक चावला, पोमिला चावला द्वारा कक्षाओं व हॉल का उद्घाटन किया गया। प्रधानाचार्य के विशेष अनुरोध पर मुख्य अतिथि मधु चौधरी ने स्कूल के भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान प्रयोगशाला निर्माण हेतु घोषणा की गई। इस मौके पर उत्कर्ष भट्ट, राहुल नेगी, रविंद्र राणा, नरेश जुयाल, हेमंत सिंह, महावीर पंवार, विमल प्रकाश, अंकित सजवाण आदि शामिल रहे।

# ठंड के साथ बढ़ने लगी पहाड़ी दालों की डिमांड

### पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष बढ़े दालों के दाम

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वारः** ठंड बढ़ने के साथ ही पहाड़ी दालों की डिमांड भी बढ़ने लगी है। हालांकि इस वर्ष पिछले वर्षों के मुकाबले दालों के दामों में कुछ बढोत्तरी भी देखने को मिल रही है। बाजार में प्रतिदिन कई टन पहाड़ी दल की खपत हो रही है।

अधिकांश पहाड़ी दालों की तासीर गर्म होती है। यही कारण है कि ठंड के मौसम में पहाड़ी दालों की डिमांड लगातार बढ़ने लगती है। कोटद्वार से दिल्ली, गुडगांव सहित अन्य मौदानी क्षेत्रों को जाने वाली प्रवासियों के बीच पहाड़ी दाल सबसे अधिक लोकप्रिय बनी हुई है। यही नहीं, कई प्रवासी गांव से निकलने से पहले ही दुकानदार को अपना आर्डर नोट करवा दे रहे हैं। कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में पहाड़ी दाल बेचने वाले राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कुछ माह से पहाड़ी उत्पादों का बाजार ठंडा पड़ा हुआ था। लेकिन, ठंड बढ़ने के साथ ही पहाड़ी दालों के बाजार में उछाल आ गया है। इस वर्ष कई दालों में पांच से दस रुपए का उछाल हुआ है।



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में पहाड़ी उत्पाद बेचता राजेंद्र सिंह

### यह हैं दालों के दाम

| पहाड़ी दाल | दाम |
|---|---|
| गहथ | 180 रुपये किलो |
| मिक्स दाल | 120 रुपये किलो |
| पहाड़ी उड़द | 140 रुपये किलो |
| स्यांस | 100 रुपये किलो |
| झंगोरा | 100 रुपये किलो |
| काला भट्ट | 100 रुपये किलो |
| जख्या | 120 रुपये किलो |

### इसलिए बढ़े दाम

वर्षाकाल में हुई अधिक बारिश का असर पहाड़ी दालों पर भी देखने को मिल रहा है। अधिक बारिश के कारण उड़द, स्यांस, तोर सहित विभिन्न दालों की कई फसल बर्बाद हो गई थी। यही कारण है कि इस बार कई दालों के दाम आसपास छू रहे हैं। दाल बेचने वाले व्यापारियों का कहना है कि इस बार बहुत कम गांव में ही पहाड़ी उत्पाद मिल रहे हैं।

## नौकरी से हटाए गए उपनल कर्मी तो होगा आंदोलन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** उपनल व आउटसोर्स कर्मियों की सेवा समाप्त किए जाने के निर्णय का दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ वन विभाग ने विरोध किया है। कहा कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो कर्मचारी कार्यबहिष्कार कर आंदोलन करेंगे। रविवार को दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ के बैनर तले बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी व मेहनत से अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें सूचना मिली है कि वन विभाग उनकी सेवाएं समाप्त करने का निर्णय ले रहा है। कहा कि यदि ऐसा हुआ तो कर्मचारियों के समक्ष कई समस्याएं उत्पन्न हो जाएंगी। कर्मचारियों ने उनकी सेवा समाप्त किए जाने पर देहरादून में आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश, मनीष नौटियाल, सत्यदेव नैथानी, पवन रावत, मनोज रावत, आशीश, कुसुम, रोहित आदि मौजूद रहे।

# वनों को आग से बचाने के लिए किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** द हंस फाउंडेशन की ओर से संचालित वानाग्नि शमन एवं रोकथाम परियोजना के तहत आमजन को वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया।

विकासखंड द्वारीखाल के देवीखेत में वनों को बचाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 14 ग्राम पंचायतों के फायर फाइटर वन सरपंच एंव ग्राम प्रधानों को वनों को आग से बचाने हेतु वन रेंज चैल्यूसैण वन विभाग उत्तराखंड के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। अग्रिम अग्निकाल में वनों को आग से बचाने के लिए तैयार किया गया। परियोजना द्वारा फायर फाइटरों को फायर किट प्रदान की गयी। साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में वन बीट अधिकारी अनुज कुमार ,चांदनी व मुकुल कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर द हंस फाउंडेशन के परियोजना समन्वयक सतीश चंद्र बहुगुणा के कहा कि वन संपदा हमारी अमूल धरोहर है, इसको बचाने के लिए हमें संकल्पित होकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। हंस फाउंडेशन के पदाधिकारियों में नीलम रावत, संगीता देवी, अंजू रावत, सुनील बहुगुणा और वन रेंज चैल्यूसैण के समस्त वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे रहे।



कार्यक्रम में ग्रामीणों को वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करते सदस्य

# पांच साल से कम आयु के बच्चों को अवश्य पिलाएं पोलियो

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कण्वघाटी की छात्राओं ने रैली निकालकर आमजन से अपने बच्चों को पोलियो अवश्य पिलाने की अपील की। कहा कि यह दो बूद जिंदगी की हैं।

विद्यालय से निकाली गई रैली में छात्राओं से पोलियो से संबंधित संदेश दिए। साथ ही छात्राओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कण्वघाटी, प्राथमिक विद्यालय हल्दूखाता, प्राथमिक विद्यालय मगनपुर पोलियो बूथ पर पोलियो ड्रॉप पिलवाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम में कशिश, प्रीति पटेल ,सरगम, प्रीति, खुशबू,खुशी, मुस्कान,जिया, अंजली,संगीता,आयुषी पूजा संतोषी ने विशेष सहयोग दिया।




पोलियों को लेकर जागरूकता रैली निकालती छात्राएं

# लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़े युवा

**कोटद्वारः** नजीबाबाद रोड, मिश्रा कालोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि के प्रतिनिधियों की ओर से राजकीय महाविद्यालय जयहरीखाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की सीख दी गई।

कार्यक्रम में राजस्थान से पधारे बीके रामनाथ भाई ने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति क्षीण होती जा रही है। इस कारण उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एकाग्र शक्ति को बढ़ाना आवश्यक है। कहा कि यदि मन और बुद्धि को अध्ययन के दौरान एकाग्र कर लिया जाए तो सफलता निश्चित है। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## गुलदार के आंतक से निजात की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ीः** गढ़वाल वन प्रभाग की दमदेवल रेंज और एकेश्वर ब्लॉक के कोटा गांव में बीती 3 दिसंबर को गुलदार ने घास लेने गई महिला को हमला कर घायल कर दिया था। जिसके बाद से क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनी हुई है।

गुलदार के हमले के बाद वन विभाग ने यहां पर गश्त बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

## गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर गिरफ्तार, चंडीगढ़ में छिपे थे रोहित और नितिन फौजी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी रोहित राठौड़ और नितिन फौजी को चंडीगढ़ से पकड़ा है। दोनों आरोपियों को जयपुर लाया गया है और पूछताछ की जा रही है। इस मामले में गठित एसआईटी के बाद राजस्थान पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को 72 घंटों में पकड़ने का आश्वासन दिया था और शीघ्र पकड़ भी लिया। आरोपियों को पकड़ने में राजस्थान पुलिस की दिल्ली और चंडीगढ़ पुलिस ने मदद की।

घटना के बाद दोनों आरोपी बस से डीडवाना पहुंचे और फिर टैक्सी के जरिए सुजानगढ़ पहुंचकर बस पकड़कर हिसार पहुंचे और इसके बाद चंडीगढ़ में छिपे हुए थे। इन दोनों आरोपियों की जयपुर में मदद करने वाले आरोपी रामवीर जाट को शनिवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। उल्लेखनीय है कि गत पांच दिसंबर को श्री गोगामेड़ी की उनके घर में दाखिल होकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में बदमाशों के साथ आया नवीन शेखावत भी मारा गया जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

## ओपीएस में 1000 करोड़ का घोटाला, वित्त विभाग के अधिकारियों ने ठिकाने लगा दी एनपीएस की रकम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान में सरकार बदलने के बाद अब वित्त (मार्गोपाय) विभाग के शीर्ष अफसरों की करतूत एक-एक कर सामने आ रही है। पिछली गहलोत सरकार ने कर्मचारियों के हित को देखते हुए जो ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू की थी उसमें भी वित्त विभाग के आला अफसरों ने बड़ा झोल कर दिया। ओपीएस की घोषणा करने के बाद भी जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक कर्मचारियों के एनपीएस अंशदान की कटौती की गई। लेकिन, इस रकम को न तो केंद्र सरकार के एनएसडीएल फंड में जमा करवाया और न ही राजस्थान में कर्मचारियों के लिए खोले गए जीपीएफ खातों में रखा गया। विभाग के अफसरों ने इस पैसे को सामान्य राजस्व मद में जमा करवाकर खर्च कर दिया। यह खुलासा सीएजी की एक रिपोर्ट के अलावा 15वीं विधानसभा के अंतिम सत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में भी हुआ है।

प्रदेश में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होने से पहले सरकार ने कर्मचारियों और उसके अनुपात में खुद का अंशदान एनएसडीएल में जमा करवाना बंद कर दिया, जबकि कर्मचारियों के वेतन से यह पैसा काटा गया था। यह रकम 641 करोड़ रुपए है। अब यह राशि न तो एनएसडीएल में जमा हुई न ही सरकार के पास लौटाने के लिए बची है।

## अक्षय, शाहरुख और अजय देवगन को केंद्र सरकार का नोटिस, गुटखा कंपनियों के विज्ञापन के मामले में कार्रवाई

**लखनऊ, एजेंसी।** केंद्र सरकार की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया गया है कि अभिनेता अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को नोटिस जारी किया गया है। 'गुटखा' कंपनियों के विज्ञापन करने के मामले में यह नोटिस जारी हुआ है। केंद्र सरकार के वकील ने हाईकोर्ट को यह भी बताया कि इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा है, इसलिए तत्काल याचिका खारिज कर दी जानी चाहिए.इसके बाद बेंच ने 9 मई 2024 को सुनवाई तय की। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की बेंच ने एक अवमानना याचिका पर आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट ने सितंबर 2022 में केंद्र सरकार को याचिकाकर्ता के प्रतिनिधित्व पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

# बसपा सुप्रीमो ने किया अपने उत्तराधिकारी का ऐलान, भतीजे आकाश आनंद को सौंपी कमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2019 के लोकसभा चुनाव में मायावती ने आकाश आनंद को सियासी ककहरा सिखाना शुरू किया था। इसके लिए बाकायदा मायावती ट्रेनिंग के तौर पर उनको अपने साथ रैलियों और जनसभाओं में ले जाती थीं। धीरे-धीरे आकाश आनंद को अलग-अलग राज्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाने लगी। अब मायावती ने पांच साल की सियासी पाठशाला में आकाश को ट्रेंड करके लोकसभा चुनावों से पहले उत्तराधिकारी घोषित किया है।



बहुजन समाज पार्टी की रणनीति के लिहाज से यह बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही है कि पार्टी के गिरते जनाधार को आगे बढ़ाने और युवाओं को बसपा आंदोलन से जोड़ने के लिए आकाश आनंद अब नई रणनीति के साथ आगे आएंगे। इसका सीधा असर आने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशियों के चयन से लेकर सियासी रणनीति तक पर दिखेगा।

बहुजन समाज पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि 2024 का चुनाव उनकी पार्टी के लिए अब तक के सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण चुनावों के साथ-साथ भविष्य की राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उनका कहना है अगर 2024 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का वोट प्रतिशत और लोकसभा के सदस्यों की संख्या नहीं बढ़ती है तो उनकी पार्टी के भविष्य पर बड़ा संकट आ सकता है। ऐसे दौर में आकाश आनंद का नाम बतौर उत्तराधिकारी आगे करके पार्टी ने एक बड़ा सियासी शॉट तो खेल ही दिया है, क्योंकि इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक उत्साह बढ़ेगा। इसके अलावा आकाश आनंद के साथ युवाओं को भी जोड़ने के अभियान में गति मिलेगी।

वह मानते हैं कि देश के जितने भी दूसरे दल हैं, वह युवाओं के माध्यम से अपनी रणनीति को और विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी दिशा में आकाश आनंद अब आगे की रणनीतियों को विस्तार देंगे और युवाओं के माध्यम से बहुजन समाज पार्टी को न सिर्फ मजबूत कर आगे बढ़ाएंगे, बल्कि भविष्य के लिए पार्टी को तैयार करेंगे।

वह कहते हैं कि आकाश आनंद ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल, चंडीगढ़, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में बीते पांच साल में लगातार कई सियासी दौरे किए हैं। पार्टी की नीतियों के साथ-साथ युवाओं को जोड़ने का जो बड़ा रोड मैप तैयार हुआ है वह अब असल रूप से अमल में आएगा।

बहुजन समाज पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री कहते हैं कि 8 मार्च 2022 को जब मायावती ने आधिकारिक तौर पर सिर्फ एक ही नेशनल कोऑर्डिनेटर तय किया, इशारे तभी साफ हो गए थे। वह कहते हैं कि पार्टी में अध्यक्ष उपाध्यक्ष और नेशनल कोऑर्डिनेटर ही सबसे महत्वपूर्ण पद होते हैं।

आकाश आनंद के पूर्णतया नेशनल कोऑर्डिनेटर होने से पहले उनके साथ राज्यसभा सांसद रामजी गौतम भी इस पद में हिस्सेदारी बंटाते थे, लेकिन मायावती के ऐलान के साथ आकाश आनंद ही बसपा के इकलौते नेशनल कोऑर्डिनेटर घोषित किए गए। उसके साथी आकाश ने पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरा प्लान बनाना शुरू कर दिया।

बहुजन समाज पार्टी के नेता का कहना है कि शुरुआती दौर में यह कहा जा रहा था कि मायावती के भाई आनंद उनके उत्तराधिकारी होंगे। लेकिन 2017 में जब सहारनपुर की एक रैली में आकाश आनंद को पहली बार सार्वजनिक रूप से मायावती ने मंच पर बिठाया। तय तभी हो गया था कि मायावती की पार्टी में या तो अपने भाई आनंद या उनके बेटे आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी देगी। वह कहते हैं कि 17 जनवरी 2019 को लोकसभा चुनाव से पहले आकाश आनंद को आधिकारिक तौर पर पार्टी मूवमेंट के साथ जोड़ा गया और स्टार प्रचारक बनाया गया। उसके बाद से पार्टी में मायावती के किसी और के उत्तराधिकारी होने के सभी कयास लगाए जाने बंद कर दिए गए थे।

वहीं, आकाश आनंद के उत्तराधिकारी घोषित किए जाने के बाद पार्टी में बड़े फेरबदल की चर्चाएं भी हो रही हैं। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इसका सीधा असर आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के टिकट दिए जाने के साथ से ही दिखाना शुरू हो जाएगा। पार्टी के भीतर भी चर्चा इस बात की हो रही है कि अपने सभी सांसदों को मायावती दोबारा रिपीट करें, इसकी उम्मीद कम है। सियासी जानकारों का कहना है कि अब मायावती की आगे की रणनीति को आकाश आनंद के नजरिए से ही देखा जाना चाहिए। किसी भी बड़े फैसले में आकाश आनंद की सहमति महत्वपूर्ण मानी जाएगी।

पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आकाश आनंद सीधे तौर पर अभी भले प्रमुख राज्यों में दखल ना दें लेकिन देश के अलग-अलग जोन में उनकी अहम भूमिका रहने वाली है। हालांकि, 2024 में बहुजन समाज पार्टी किसी सियासी दल से गठबंधन करेगी या नहीं करेगी यह पूरा फैसला मायावती ही लेंगी। आकाश की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। बताया यह भी जा रहा है कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र समेत मध्य प्रदेश और राजस्थान में आकाश आनंद सियासी रूप से अपनी सक्रिय भागीदारी निभा कर लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को उतारने की पूरी रणनीति बना रहे हैं।

# विष्णुदेव साय होंगे छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री, भाजपा विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला

**रायपुर, एजेंसी।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं आदिवासी नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक दल की आज यहां हुई बैठक में नेता चुन लिए गए।

विष्णुदेव साय राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। साय को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की पार्टी पर्यवेक्षकों केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सर्वानंद सोनोवाल,पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर,सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं सह प्रभारी नितिन नबीन की उपस्थिति में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया।

राज्य में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 54 सीटो पर जीत कर पांच वर्ष बाद सत्ता में वापसी की है। नवम्बर 2000 में मध्यप्रदेश को विभाजित कर आस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। विष्णुदेव साय जशपुर जिले की कुनकुरी सीट से विधायक है।वह 2014 में मोदी सरकार में राज्यमंत्री भी रहे हैं। राज्य गठन के बाद पहली बार 2003 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आई थी।इसके बाद लगातार 2008 एवं 2013 में भी भाजपा ने चुनाव जीता और डा.रमन सिंह लगातार तीनों बार मुख्यमंत्री रहे थे।



तीन बार सांसद रहे श्री साय 2014 में मोदी सरकार में राज्य मंत्री रहे हैं। वह 1990 से अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए तपकरा सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे।श्री साय का जन्म 21 फरवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था।उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

विष्णुदेव साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी।श्री साय को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह की भी पसन्द बताए जाते है। पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा था। वर्तमान में श्री साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

## तेलंगाना में अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाने पर बवाल, भाजपा विधायकों ने नहीं ली शपथ

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने तीसरी विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन सदस्यता की शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर एवं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी ने हालांकि इस समारोह का बहिष्कार किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी विधायक के रूप में शपथ लेने वाले पहले व्यक्ति थे। उनके बाद उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और अन्य मंत्रियों ने शपथ ली। सर्वश्री विक्रमार्क और दामोदर राजनरसिम्हा ने अंग्रेजी में शपथ ली, जबकि मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने तेलुगु भाषा में शपथ ली।

इससे पहले श्री ओवैसी ने प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ ली। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने राजभवन में एक समारोह में उन्हें शपथ दिलाई।

# अब 19 दिसंबर को लगेगा विपक्षी दलों का जमावड़ा, भाजपा से मुकाबले के लिए 'मैं नहीं, हम' थीम पर होगा काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'इंडिया' गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडे के साथ सामने आना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा। राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी दलों के गठबंधन की अगली बैठक सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने पर चर्चा होगी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता रविवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल 19 दिसंबर को होने वाली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में एकता की थीम 'मैं नहीं, हम' के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। यह बैठक हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। पार्टी को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भाजपा का कहना है कि लोगों ने मोदी की गारंटी में भरोसा जताया है और वे 2024 में उनकी सरकार को फिर चुनेंगे।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों के सामने अब चुनौती अगले आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ आने की है। सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान दल संयुक्त चुनावी रैलियां आयोजित करने के लिए सीटों के बंटवारे पर योजना तैयार करेंगी और उनके लिए एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे।

विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे चुनावी मुद्दों पर नेता ने कहा, 'यह चुनाव परिणाम उन मुद्दों को खारिज करने के लिए नहीं हैं जो इस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उठाए गए थे।' हालांकि, उन्होंने माना किया कि पार्टी 2024 में भाजपा का मुकाबला करने के लिए लीक से हटकर सोचेगी। उन्होंने कहा,'मैं नहीं, हम' (हम, मैं नहीं) वह संभावित नारा है जिस पर विपक्षी दल मोदी का मुकाबला करने के लिए काम करेंगे। सूत्रों का कहना है कि विपक्षी गठबंधन जातिगत जनगणना, एमएसपी की कानूनी गारंटी और श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को आगे बढ़ा सकता है।उन्होंने कहा, 'इंडिया गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडा तैयार करना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा।' उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो मुद्दे छाए रहे, जैसे बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद, महंगाई कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनकी गूंज लोकसभा चुनावों के दौरान जमीनी स्तर पर सुनाई दे सकती है। ये मुद्दे विपक्षी दलों के साझा एजेंडे का हिस्सा बन जाएंगे जो विपक्षी गठबंधन को भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेंगे।

# सम्पादकीय

## "हम" की थीम पर गठबंधन

चार राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं तेलंगाना में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपने कद को तोलने के अभियान में लग गए हैं। चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एक सुखद समय लेकर आए हैं तो वहीं कांग्रेस के लिए पिछले चुनाव की भांति यह विधानसभा चुनाव भी एक बुरे सपने की तरह साबित हुआ है। महागठबंधन "इंडिया" के अन्य घटक दलों के लिए तो हालांकि इन चुनावों में अधिक करने के लिए कुछ नहीं था लेकिन भविष्य के लोकसभा चुनावों के लिए महागठबंधन किन मुद्दों और तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी, इस पर चिंतन और मंथन करने का समय जरूर आ गया है। "इंडिया" गठबंधन के लिए भाजपा से बड़ी चुनौती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिनके चेहरे के आगे फिलहाल कोई ठोस रणनीति कारगर होती नजर नहीं आ रही है। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद "इंडिया गठबंधन" एक बार फिर 19 दिसंबर को एक मंच पर बैठने को तैयार है और इस बार का थीम "मैं" के बजाय "हम" पर निर्भर होगा। महागठबंधन के नेता भी शायद यह समझ चुके होंगे कि उनका व्यक्तिगत चेहरा फिलहाल भाजपा के विजय रथ को रोक पाने में सशक्त नहीं है और यदि एकजुट होकर "हम" की भावना से कार्य नहीं करेंगे तो उनके राजनीतिक भविष्य पर संकट के बादल छा सकते हैं। साफ है कि महागठबंधन को अब आपसी प्रतिद्वंदिता को छोड़कर एक सकारात्मक गठबंधन के तौर पर कार्य करना होगा। महागठबंधन के साथ सबसे बड़ी विडंबना यह है कि उसमें महत्वाकांक्षी नेता बहुत है लेकिन नेतृत्व किसके हाथों में सोप जाए यह बहुत बड़ी समस्या है। लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे एवं रैलियों को लेकर भी खाका तैयार करना होगा, इसके साथ ही मुद्दों को जनता की रुचि एवं समस्या के अनुसार उनके बीच ले जाना होगा। एकता की थीम पर चलकर इंडिया महागठबंधन कुछ करने की स्थिति में खड़ा हो सकता है अन्यथा चार राज्यों के चुनाव परिणाम में जो कुछ सामने आया है वह विपक्षी दलों के लिए कोई अच्छी खबर नहीं है। विपक्षी नेताओं की "गारंटी" और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "गारंटी" में जनता अब तुलना करने लगी है, महज लारलपेट वाली बातें एवं मस्ती मजाक में अब चुनाव जीतने वाला समय नहीं रहा। खास तौर से एक दूसरे का अपमान करने की राजनीति देश की जनता को रास नहीं आ रही है। समय बदल चुका है और जनता का अपने नेता को चुनने का मानसिक "लेवल" भी काफी मजबूत हो चुका है। भाजपा के विजय रथ को रोकना है तो "इंडिया महागठबंधन" को अगले आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ आने की जरूरत है। तीन राज्यों में जीत के साथ भाजपा का खेमा काफी उत्साहित है और अब पूरे संगठन की निगाह सीधे तौर पर संसदीय चुनाव की ओर है। चुनौतियां विपक्ष के आगे ज्यादा है, जबकि भाजपा अपने नेता नरेंद्र सिंह मोदी की "हैट्रिक" बनाने के लिए उत्साहित है।

# स्वतंत्रता पर प्रहार मानव अधिकारों का हनन

**डॉ. केशव पाण्डेय**

स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन करना हर एक इंसान का अधिकार है। यदि इस पर किसी प्रकार का कुठाराघात होता तो वह मानव अधिकारों का हनन है। मानवाधिकार देश और दुनिया में प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र रूप से सोचने, विवेक और धर्म की स्वतंत्रता के साथ ही ईमानदार विश्वासों का निर्माण करने का अधिकार देता है। इसके तहत व्यक्ति अपनी पसंद के अनुरूप किसी भी धर्म का पालन करने और अपनी इच्छानुसार बदलने के लिए स्वतंत्र है। ये मानव के वे अधिकार हैं जो विश्वव्यापी हैं और वैश्विक कानूनों द्वारा संरक्षित हैं। बदलते वक्त के साथ ही इसमें भी बदलाव आया है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जानते हैं इसका महत्व।*

10 दिसंबर को दुनियाभर में मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। जो शांति, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और मानव गरिमा की सुरक्षा को बढ़ावा देता है। 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। अपनी प्रस्तावना में यूडीएचआर ने "अंतर्निहित गरिमा की मान्यता और मानव परिवार के सभी सदस्यों के समान अधिकारों की मान्यता पर प्रकाश डाला है, जो दुनिया में स्वतंत्रता, न्याय और शांति की नींव है।" 1950 में दिवस की आधिकारिक घोषणा की गई। 28 सितंबर 1993 को भारत में अमल में लाया गया। इसी के तहत 12 अक्टूबर 1993 को मानव अधिकार आयोग गठित हुआ।

मानव अधिकार का आशय ऐसे अधिकारों से है– जो जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, भाषा, धर्म या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किये बिना सभी को प्राप्त होते हैं। सार्वभौमिकता के तहत अधिकारों और स्वतंत्रताओं से संबंधित कुल 30 अनुच्छेदों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें जीवन, स्वतंत्रता और गोपनीयता जैसे नागरिक और राजनीतिक अधिकार तथा सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैस आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार शामिल हैं। भारत ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के प्रारूपण में सक्रिय भूमिका निभाई है।

कन्वेंशन ऑन द प्रिवेंशन एंड पनिशमेंट ऑफ द क्राइम ऑफ जेनोसाइड (वर्ष 1948)। इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन द एलिमिनेशन ऑफ ऑल फॉर्म ऑफ रेसियल डिस्क्रिमिनेशन (वर्ष 1965)। डिस्क्रिमिनेशन अगेंसट् विमेन (वर्ष 1989)। विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन (वर्ष 2006)। भारत इन सभी कान्वेंशन्स का हिस्सा है।

मानवाधिकार परिषद् संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर–सरकारी निकाय है, जो मानव अधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण के प्रतिबद्ध है। यह संयुक्त राष्ट्र के 47 सदस्य देशों से मिलकर बनी है, जिनका चयन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है। प्रत्येक चार वर्ष में एक बार संयुक्त राष्ट्र के सभी 192 सदस्य देशों के मानवाधिकार रिकॉर्ड की समीक्षा की जाती है। क्यांकि मानव अधिकार वे मानदंड हैं जो मानव व्यवहार के मानकों को स्पष्ट करते हैं। एक इंसान होने के नाते ये वो मौलिक अधिकार हैं जिनका प्रत्येक व्यक्ति स्वाभाविक रूप से हकदार है।

मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा में उल्लेखित लगभग सभी अधिकारों को

### अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर विशेष

भारतीय संविधान में दो हिस्सों–मौलिक अधिकार और राज्य के नीति–निर्देशक सिद्धांत में शामिल हैं। मौलिक अधिकार–संविधान के अनुच्छेद 12 से 35 तक। इसमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शिक्षा संबंधी अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल है।

मानवाधिकारों के संबंध में "नेल्सन मंडेला" ने कहा था, कि लोगों को उनके मानवाधिकारों से वंचित करना उनकी मानवता को चुनौती देना है। स्वतंत्रता पर प्रहार ही मानव अधिकारों का हनन है।

विडंबना देखिए कि कानून द्वारा संरक्षित इन अधिकारों में से कई लोगां द्वारा, यहां तक कि सरकारों और कानून के रक्षकों द्वारा भी उल्लंघन किया जाता है। मानवाधिकारों के उल्लंघन की निगरानी के लिए कई संगठन बनाए गए हैं। ये संगठन इन अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि जिन लोगो के ऊपर मानव अधिकारों की रक्षा की जिम्मेदारी होती है वही अपनी शक्ति का दुरूपयोग कर मानव अधिकारों का हनन करने लगते हैं। इसीलिए इस बात को सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि देश के सभी व्यक्तियों को उनके मानव अधिकारों की प्राप्ति हो। ताकि वे शांति, समानता, गरिमा, न्याय और पूर्ण स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन कर सकें।

## भाजपा में सांसदों की छंटनी का काम शुरू

भारतीय जनता पार्टी ने अपने 303 लोकसभा सांसदों में से छंटनी का काम शुरू कर दिया है। पिछले कई महीनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भाजपा बड़ी संख्या में सांसदों की टिकट काटेगी। उत्तर भारत के हिंदी पट्टी राज्यों में भाजपा ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सर्वे करने वाली एजेंसियों और जमीनी फीडबैक के हिसाब से सूची तैयार की जा रही है। चुनावी राज्यों से इसकी शुरुआत हो गई है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव जीतने वाले 12 में से 10 सांसदों का इस्तीफा हो गया है। दो सांसदों के इस्तीफे भी हो जाएंगे। बुधवार को बालकनाथ कहीं दूसरी जगह थे और रेणुका सिंह मेडिकल इमरजेंसी की वजह से दिल्ली में नहीं थीं। इसलिए इन दो के इस्तीफे नहीं हुए हैं। इस्तीफा देने वालों में तीन केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। बहरहाल, यह तय हो गया कि जिन 10 सांसदों ने इस्तीफा दिया है उनको अगली बार टिकट नहीं मिलेगी। उन्हों विधायक रहना होगा। भाजपा ने कुल 21 सांसदों को टिकट दी थी, जिसमें से 12 जीते और नौ हार गए। हारे हुए नौ सांसदों को भी टिकट मिलने की संभावना नगण्य है। तेलंगाना में मिल जाए तो नहीं कहा जा सकता है कि लेकिन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हारे हुए सांसदों को टिकट नहीं मिलेगी। इस तरह इन तीन राज्यों में मोटे तौर पर 16 सांसदों की टिकट कटना तय हो गया।

इनके अलावा और भी सांसदों की टिकट कट सकती है। भाजपा के जानकार नेताओं का कहना है कि परफारमेंस और उम्र के साथ साथ यह भी देखा जा रहा है कि कोई नेता कितनी बार से लगातार जीत रहा है। लगातार कई बार से जीत रहे सांसदों की इस बार टिकट कट सकती है। अगले साल लोकसभा के साथ ही ओडिशा विधानसभा का चुनाव होना है, जहां से भाजपा के आठ सांसद हैं। उनमें से भी कुछ लोगों को विधानसभा का चुनाव लडऩे को कहा जा सकता है।

# लडाकू वक्ता है भारतीय मूल की निक्की!

**श्रुति व्यास**

रिपब्लिकनों के डिबेट्स जारी हैं। वे विदेश नीति, घरेलू मामलों, दोनों युद्धों में क्या ठीक हो रहा है और क्या गलत, गर्भपात संबंधी अधिकारों, लोकतांत्रिक अधिकारों पर, और एक दूसरे के नीचा दिखाने के लिए बहस कर रहे हैं। हाल में हुई चौथी टीवी बहस व्यक्तिगत टकरावों से शुरू हुई और उन्हीं पर खत्म भी। यह सब डोनाल्ड ट्रंप का विकल्प बनने के लिए किया जा रहा है, जो अब तक हुए एक भी डिबेट में शामिल नहीं हुए हैं। बावजूद इसके उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे हैं। इकोनोमिस्ट ट्रेकर के अनुसार ट्रंप के निकटतम प्रतिद्वंद्वी रॉन डीसानटिस उनसे बहुत पीछे हैं और ट्रंप को उन पर 51 प्रतिशत की बढ़त हासिल है। जैसे–जैसे आयोवा काकस का समय निकट आ रहा है, लगभग सभी विश्लेषक यह मानकर चल रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ही रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार होंगे और संभवतः चुनाव जीतकर दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनेंगे।


हालांकि ट्रंप कानूनी झंझटों में फंसे हुए हैं झ चार आपराधिक प्रकरणों में और 91 अन्य अपराधों में झ जिनसे उनके दूसरे कार्यकाल के अरमान पूरे होने में बाधा पड़ सकती है। लेकिन, फिलहाल, 77 वर्षीय ट्रंप बाकी सभी रिपब्लिकनों से आगे हैं। ट्रंप के कार्यकाल में उप–राष्ट्रपति रहे माईक पेंस सहित कई उम्मीदवार मैदान छोड़ रहे हैं। विवेक रामास्वामी, जिनके बारे में कहा जाता था कि वे ट्रंप के अलावा बाकी सभी उम्मीदवारों से आगे रहेंगे झ अपनी चमक–दमक और गति खोते जा रहे हैं। हालांकि दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और ट्रंप के कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमरीका की राजदूत रहीं निक्की हैली आश्चर्यजनक तेजी से उभर रही हैं। वे मजाकिया हैं और कड़े मुकाबले भरे पिछले तीन डिबेट्स में उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है।उनके प्रतिद्वंदियों ने लगातार उन पर वार किए। राजनीति में यह आपके आगे बढने़ का संकेत होता है! डीसानटिस ने पहले से ही हैली द्वारा गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान चीनी निवेश आकर्षित करने के प्रयासों को लेकर उनकी आलोचना करने वाले विज्ञापन देना प्रारंभ कर दिया है, जिसमें और तेजी और तल्खी आने की संभावना है। विवेक रामास्वामी तो शुरूआत से ही उन्हें ट्रोल करते रहे हैं। पिछली रात हुई डिबेट के दौरान एक बार उन्होंने अपना पैड उठाकर दिखाया जिस पर उन्होंने लिखा था "निक्की = भ्रष्ट"।जब उन्होंने हैली पर 'पहचान की राजनीति' करने का आरोप लगाया तो श्रोताओं ने उन्हें हूट किया। और जब हैली से पूछा गया कि क्या वे इस आरोप का जवाब देना चाहेंगीं, तो उन्होंने कहा, "नहीं। मैं अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहूंगी"।दर्शकों ने इस पर उन्हें जम कर चीयर किया।

निक्की ने साबित कर दिया है कि वे एक लड़ाकू वक्ता हैं। वे अपने प्रतिद्वंदियों पर तीखे प्रहार करती हैं। और आम लोग, प्रचारक और प्रायोजक जिंदादिल निक्की को पसंद कर रहे हैं। उन्हें ऐसे रईस दानदाताओं से भरपूर धन और प्रचार हेतु अन्य संसाधन मिल रहे हैं जो ट्रंप का विकल्प तलाश रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि अब दूसरे स्थान के लिए उनके और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसानटिस के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। डीसानटिस को पहले काफी मज़बूत माना जा रहा था। निक्की के कुछ समर्थक डीसानटिस को छोडक़र उनके साथ आये हैं तो कुछ दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट को छोडक़र। टिम ने 12 नवम्बर को रेस को अलविदा कह दिया था।

लेकिन इस सबके बावजूद, निक्की मतों की दृष्टि से डीसानटिस और ट्रंप से बहुत पीछे हैं। और जैसे–जैसे मुकाबला कड़ा होता जा रहा है, वह अधिकाधिक दिलचस्प भी हो रहा है। ट्रंप को हालांकि अच्छी–खासी बढ़त हासिल है, लेकिन यदि वे लडख़ड़ाते हैं या उन्हें जल्दी ही कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ता है, तो सिर्फ रिपब्लिकन प्रायमरी ही नहीं बदलेंगी आगे का माहौल भी बदलेगा।

# एनिमल ने 7वें दिन बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका, रणबीर कपूर की फिल्म ने तोड़ा पठान—जवान और गदर 2 का रिकॉर्ड

रणबीर कपूर की एनिमल का क्रेज ऑडियंस के सिर चढ़कर बोल रहा है. ये फिल्मबॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ रही है. एनिमल को रिलीज हुए एक हफ्ता हो चुका है लेकिन इसे सिनेमाघरों में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है और धुंआधार नोट बटोर रही है. रिलीज के छठे दिन एनिमल ने 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया था. चलिए यहां जानते हैं ह्यएनिमलह्ण ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को कितनी कमाई की है?एनिमल रणबीर कपूर के करियर की सबसे बड़ी फिल्म बनने की ओर बढ़ रही है. वीकडेज में भी बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई की बुलेट से भी तेज रफ्तार देखकर हर कोई हैरान है. एनिमल का ये फीवर फिलहाल ऑडियंस के सिर से जल्द उतरने वाला नही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो एनिमल की ओपनिंग 63 करोड़ के कलेक्शन के साथ हुई थी. इसके बाद दूसरे दिन ह्यएनिमलह्ण ने 66.27 करोड़ रुपये कमाए. तीसरे दिन फिल्म की कमाई 7.83 फीसदी के उछाल के साथ 71.46 करोड़ रुपये रही. चौथे दिन एनिमल ने 43.96 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं पांचवें दिन रणबीर कपूर की फिल्म की कमाई 37.47 करोड़ रुपये रही है. छठे दिन ह्यएनिमलह्ण ने 30.39 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक ह्यएनिमलह्ण ने रिलीज के सातवें दिन 25.50 करोड़ का कलेक्शन किया है.इसी के साथ ह्यएनिमलह्ण की सात दिनों की कुल कमाई अब 338.85 करोड़ रुपये हो गई है.



एनिमल ने सातवें दिन शाहरुख खान की पठान और जवान दोनों को करारी मात दी है. एनिमल का सात दिनों का कुल कलेक्शन 338 करोड़ से ज्यादा हो गया है. वहीं पठान का सात दिनों का कुल कलेक्शन 318 करोड़ रुपये था जबकि पठान का सात दिनों का कुल कलेक्शन 327 करोड़ था. वहीं गदर 2 की सात दिनों की कुल कमाई 284 करोड़ थी. ऐसे में सात दिनों के ग्रॉस कलेक्शन के मामले में एनिमल सबसे आगे निकल गई है. फिल्म के वीकेंड तक घरेलू बाजार में 400 करोड़ का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है.

फिलहाल कर किसी की निगाहें बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई हैं.एनिमल का सिनेमाघरों में हाहाकार मचा हुआ है. फिल्म इन महज सात दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर ली है. इसी के साथ रणबीर अपनी ही फिल्म संजू के लाइफटाइम कलेक्शन का रिकॉर्ड ब्रेक करने से चंद कदम दूर है. बता दें कि संजू 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने 342.53 करोड़ का लाइफटाइम कलेक्शन किया था. इसी के साथ एनिमल रणबीर कपूर के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी.

## इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर छाई शाहरुख खान की जवान

शाहरुख खान की जवान ने अपनी कमाई से बॉक्स ऑफिस को हिला डाला था. सिनेमाघरों के अलावा एटली की इस मल्टीस्टारर फिल्म ने ओटीटी पर भी अपना जलवा कायम रखा था. वहीं रिलिज के इतने महीनों बाद भी जवान ने एक और मुकाम हासलि कर लिया है.

शाहरुख खान की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर एक बड़ी सफलता मिली है. जी हां, किंग खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म ने अस्त्र फिल्म एंड क्रिएटिव आर्ट्स अवॉर्ड में अपनी जगह बनाई है. जवान को अस्त्र अवॉर्ड 2024 में बेस्ट फीचर कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है.

इसी के साथ शाहरुख की फिल्म जवान अस्त्र फिल्म एंड क्रिएटिव आर्ट्स अवॉर्ड में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए नॉमिनेट होने वाली इकलौती इंडियन फिल्म बनी है.बता दें कि हाल ही में द हॉलीवुड क्रिएटिव अलाइंस ने उनके अस्त्र फिल्म एंड क्रिएटिव आर्ट्स अवॉर्ड की अनाउंसमेंट की है, जहां अलग अलग देशों के फिल्मों के नाम शामिल हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अवॉर्ड्स शो के विनर्स की लिस्ट अमेरिका में लॉस एंजेलिस में 26, 2024 में आउट की जाएगी.

## कश्मीरा परदेशी ने द फ्रीलांसर के सबसे चुनौतीपूर्ण सीन के बारे में खुलकर की बात



एक्ट्रेस कश्मीरा परदेशी अपनी स्ट्रीमिंग शो द फ्रीलांसर के दूसरे सीजन की रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने सीरीज के लिए शूट किए गए सबसे चुनौतीपूर्ण सीन के बारे में खुलकर बात की। द फ्रीलांसर, जिसमें मुख्य भूमिका में मोहित रैना हैं, शिरीष थोराट की किताब ए टिकट टू सीरिया पर आधारित है। एक सीन के बारे में बात करते हुए, कश्मीरा परदेशी ने कहा, मैं विशेष रूप से उस सीन के बारे में बताना चाहूंगी, जिसके लिए मुझे सबसे ज्यादा रिव्यूज मिले हैं। ज्यादातर लोगों ने फोन करके कहा कि आप बाथरूम सीन में 3 मिनट से ज्यादा समय तक क्यों बात कर रहे थे, इससे मुझे उस समय की याद आ गई जब हम उसी दिन इसे शूट कर रहे थे। उन्होंने आगे बताया, यह वही दिन था जब हमने सभी बाथरूम सीन्स की शूटिंग की थी, वे सीन्स मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण थे क्योंकि वे बहुत एक्सट्रीम थे। वह दिन बहुत चुनौतीपूर्ण था। सीरीज का निर्देशन भाव धूलिया द्वारा किया गया है और शो रनर नीरज पांडे द्वारा निर्मित किया गया है। फ्राइडे स्टोरीटेलर्स द्वारा निर्मित, द फ्रीलांसरः द कन्क्लूजन 15 दिसंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।

## फिल्म फाइटर का देशभक्ति और जोश से भरा दमदार टीजर जारी

सिद्धार्थ आनंद की डायरेक्शनल मोस्ट अवेटेड फिल्म फाइटर का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं फाइटर में पहली बार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्क्रीन शेयर कर रहे हैं. फिल्म के पोस्ट रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. वहीं मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ाते हुए फाइटर का धांसू टीजर आज रिलीज हो गया है. टीजर फुल एक्शन पैक्ड है और इसे देखकर रौंगटे खड़े हो गए हैं.

मोस्ट अवेटेड फिल्म फाइटर के मेकर्स ने आज इसका टीज़र जारी करके फैंस को फिल्म की पहली झलक दिखा दी है. इस एरियल एक्शन ड्रामा फिल्म के 1 मिनट 13 सेकंड के टीज़र में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर का दमदार लुक देख फैंस को हो उड़ हए हैं. आर्मी की यूनिफॉर्म पहने तीनों स्टार्स गजब लग रहे है और ऊपर से इनके हवाई स्टंट देखकर होश उड़ गए हैं. फिल्म में दीपिका और ऋतिक फाइटर जेट में सवार होकर एरियल एक्शन करते दिख रहे हैं.

इतना ही नहीं टीजर में बैकग्राउंड में नेशनल फ्लैग के साथ हेलीकॉप्टर में ऋतिक का क्लोजिंग शॉट भी दमदार है. वंदे मातरम् का बैकग्राउंड स्कोर रगों में



देशभक्ति का जोश भर देता है. इन सबके अलावा टीजर में ऋतिक–दीपिका की शानदार केमिस्ट्री भी दिखाई गई है. दोनों का लिपलॉक भी देखने को मिला है जो यकीनन अब टीज़र के रिलीज़ होने के बाद काफी चर्चा में रहने वाला है. ओवरॉल ह्यफाइटरह्ण का टीजर रौंगटे खड़े कर देता है.

सिद्धार्थ आनंद की हार्ड–कोर एरियल एंटरटेनर ह्यफाइटरह्ण में रितिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर लीज रोल में हैं. फिल्म में ऋतिक एक स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया उर्फ पैटी के रोल में दिखेंगे. जबकि दीपिका पादुकोण स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ मिन्नी के किरदार में दिखेंगी. वहीं अनिल कपूर फिल्म में एक कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के दमदार रोल में दिखेंगे. बता दें कि ये मोस्ट अवेटेड फिल्म फाइटर अगले साल जनवरी में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बड़े पर्दे पर रिलीज होगी.

## वेस्टर्न लिबास छोड़ देसी रंग में रंगी वाणी कपूर, गोल्डन साड़ी में नजरें हटाना हुआ मुश्किल

वाणी कपूर जब भी पर्दे पर आती हैं फैंस उन्हें देखते ही रह जाते हैं. उन्होंने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का कमाल दिखाया है, लेकिन वाणी हमेशा ही अपनी फिल्मों से ज्यादा खूबसूरती, फिटनेस और स्टाइलिश लुक्स के कारण चर्चा में रही हैं. उनकी हर अदा पर आज दुनियाभर के चाहने वाले फिदा हो जाते हैं. एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अक्सर वह अपने नए लुक्स फैंस के साथ शेयर कर दिलों की धडक़नें बढ़ा देती हैं.अब फिर से वाणी ने अपना नया लुक दिखाया है. लेटेस्ट फोटोशूट के लिए एक्ट्रेस ने वेस्टर्न लिबास छोड़ एथनिक अवतार ओढ़ लिया है. इस बार वह गोल्डन शिमर साड़ी में कहर बरपा रही हैं. वाणी ने इस नए लुक में कई किलर पोज देते हुए फोटोशूट करवाया है.वाणी ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को




सॉफ्ट कर्ल्स का टच देकर ओपन रखा हुआ है.एक्सेसरीज के तौर रप वाणी ने गोल्ड ईयररिंग्स और एक हाथ में ब्रेसलेट कैरी किया है. एक्ट्रेस इस लुक में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं. अपनी इन फोटोज को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में अमृता प्रीतम की कविता से चंद लाइने लिखी है. वाणी ने पंजाबी भाषा में लिखा, इस खाकी मिट्टी की मूर्ति में, हुस्न इश्क ऐसा रहे, मानो सौ सालों से सो रही शहजादी के दो नैन.दूसरी ओर वाणी के वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछली बार उन्हें 2022 में रिलीज हुई रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा में देखा गया था. फिलहाल एक्ट्रेस काफी समय से मंडाला मर्डर्स टाइटल से बन रही फिल्म को लेकर चर्चा में हैं.

## फिल्म खो गए हम कहां से सामने आई सिद्धांत चतुर्वेदी की नई झलक

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार कैटरीना कैफ और ईशान खट्टर के साथ फिल्म फोन भूत में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं सकी।ऐसे में अब प्रशंसक सिद्धांत की आगामी फिल्म खो गए हम कहां का इंतजार बेसब्री कर रहे हैं, जो 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।इससे पहले फिल्म से उनकी नई झलक सामने आई है। खो गए हम कहां में उनके किरदार का नाम इमाद होगा।

खो गए हम कहां का ट्रेलर 10 दिसंबर को आएगा। फिल्म में अनन्या पांडे और आदर्श गौरव भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।कल्कि कोचलिन भी फिल्म का हिस्सा हैं।खो गए हम कहां के जरिए अर्जुन वरन सिंह ने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है तो वहीं जबकि फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया गया है।इसकी कहानी जोया अख्तर, अर्जुन वरैन सिंह और रीमा कागती ने लिखी है।



अनन्या ने को–स्टार्स सिद्धांत और आदर्श के साथ कैसे समय बिताया, ये वीडियो साफ जाहिर कर रहा है। बीटीएस वीडियो शेयर कर अनन्या ने कैप्शन में लिखा, होने दो जो होता है, बिल्कुल वैसा है, जैसे हमारा दिसंबर मूड। बता दें कि हाल ही में फिल्म का पहला गाना होने दो जो होता है रिलीज हुआ, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया।

# जीशान और अजान से पार नहीं पा सकी भारतीय टीम, पाकिस्तान ने 8 विकेट से दी शिकस्त




नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच अंडर–19 एशिया कप 2023 का महामुकाबला दुबई के आईसीसी स्टेडियम में खेला गया। पाकिस्तान ने भारत को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत ने पाकिस्तान को 260 रन का लक्ष्य दिया था। पाकिस्तान ने 2 विकेट खोकर उसे हासिल कर लिया।

भारत के खिलाफ पाकिस्तान की अंडर–19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 259 रन बनाए है। भारत की तरफ से आर्दश सिंह (62), कप्तान उदय सहारन (60) और सचिन दास (58) ने अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से मो. जीशान ने 4 विकेट लिए।

पाकिस्तान का दमदार खेल

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने दो विकेट खोकर 263 रन बनाकर मैच जीत लिया। पाकिस्तान की तरफ से शाहजेब खान ने 63 रन बनाए। अजान अवैस ने नाबाद 105 रन और कप्तान साद बेग ने नाबाद 68 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से अभिषेक ने दो विकेट लिए। कप्तान साद और अजान के बीच 117 गेंद पर नाबाद 125 रन की साझेदारी की।

जीशान की घातक गेंदबाजी

इस लीग मैच में पाकिस्तान की गेंदबाज मोहम्मद जीशान घातक गेंदबाजी की। 6 फुट 8 इंच के गेंदबाज मो. जीशान ने 10 ओवर में 46 रन देकर 4 अहम विकेट हासिल किए। बता दें कि पाकिस्तान की यह लगातार दूसरी जीत है। पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में नेपाल को करारी शिकस्त दी थी। वहीं, की यह दो मैच में पहली हार है। पहले मैच में अफगानिस्तान अंडर–19 को टीम इंडिया ने 7 विकेट से हराया था।

# अपनी जोखिम पर टर्निंग पिच बनायें भारत, आस्ट्रेलिया की कप्तान हीली ने कहा




मेलबर्न, आस्ट्रेलियाई महिला टीम की नवनियुक्त कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय टीम प्रबंधन को चुनौती देते हुए कहा है कि आगामी दौरे पर वे अपनी जोखिम पर टर्निंग पिचें बनाये हीली को शनिवार को मेग लानिंग के अचानक संन्यास के बाद सभी प्रारूपों में आस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया गया । उन्होंने कहा कि भारत अगर टर्निंग पिचें बनाता है तो उनके पास भी आला दर्जे के स्पिनर हैं । उन्होंने कहा , मैं देखना चाहती हूं कि वे कैसी विकेट बनाते हैं । हमारे पास अच्छा स्पिन आक्रमण है तो अगर वे ऐसा करते हैं तो अपनी जोखिम पर करें । मुझे गलत मत समझिये । भारत के पास भी मजबूत स्पिन आक्रमण है उन्होंने कहा , हमारे पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर हैं । हमारे पास ऐश गार्डनर हैं जिसने इंग्लैंड में नौ विकेट लिये थे । उन्होंने कहा, यह देखना रोचक होगा कि वे अच्छी और सपाट विकेट बनाते हैं क्या । मैने आईपीएल नुमाइशी मैच के अलावा वानखेड़े पर नहीं खेला है लिहाजा मैं इस अनुभव को लेकर रोमांचित हूं ।

# इन 3 उम्रदराज प्लेयर्स पर फेंचाइजी ने दिल खोलकर लुटाया पैसा



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 ऑक्शन की तारीख जैसे–जैसे करीब आ रही है, वैसे–वैसे इसको लेकर चर्चा तेजी से बढ़ रही है। प्लेयर्स से लेकर फैंस तक हर कोई दुबई में होने वाले ऑक्शन का इंतजार कर रहे हैं। 19 दिसंबर को आगामी सीजन के लिए ऑक्शन होना है, जिसके लिए 1166 प्लेयर्स ने अपना नाम रजिस्टर कराया है। इस बार भी कई ऐसे उम्रदराज प्लेयर्स है, जिन्हें खेलते हुए देखा जाएगा, जिसमें सीएसके के कप्तान एमएस धोनी का नाम भी शामिल है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं, उन 5 सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों के बारे में जिन पर बोलियां लगी थी। लिस्ट में पहले नंबर पर है राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले स्पिनर प्रवीण तांबे का नाम, जिन्हें आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में सबसे ज्यादा उम्र में खरीदा गया है। उन्हें साल 2020 आईपीएल ऑक्शन में केकेआर ने 20 लाख रुपये के बेस प्राइस पर अपने स्क्वॉड से जड़ा था, जिस समय उन्हें खरीदा गया था, तब उनकी उम्रं 48 साल 2 महीने और 11 दिन थी।

2. ब्रैड हॉग

लिस्ट में दूसरे नंबर पर है ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ब्रैड हॉग का नाम, जिन्हें साल 2015 आईपीएल ऑक्शन में केकेआर ने 44 साल की उम्र में खरीदा था। वह इस लीग इतिहास के दूसरे सबसे उम्र में खरीदे जाने वाले खिलाड़ी है, जिन्हें केकेआर ने 50 लाख रुपये में अपने खेमे में शामिल किया था।

3. अमित मिश्रा

लिस्ट में तीसरे नंबर पर है अमित मिश्रा का नाम, जिन्हें 40 साल 29 दिन की उम्र में पिछले ही सीजन में लखनऊसुपरजायंट्स ने 50 लाख में खरीदा था।

# एआई लैंडस्केप पर पूर्व–ट्विटर इंडिया प्रमुख के साथ काम कर रहा ओपनएआई


नई दिल्ली , सैम ऑल्टमैन का ओपनएआई कथित तौर पर पूर्व–ट्विटर इंडिया प्रमुख ऋषि जेटली के साथ काम कर रहा है ताकि चैटजीपीटी डेवलपर को एआई के लेकर भारत सरकार की नीतियों और विनियमों को समझने में मदद मिल सके।

टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जेटली एआई नीति के बारे में सरकार के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए ओपनएआई के साथ वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया, ओपनएआई भारत में एक स्थानीय टीम स्थापित करने पर भी विचार कर रहा है।

ओपनएआई या जेटली ने अभी तक रिपोर्ट पर टिप्पणी नहीं की है।

जेटली ने 2012 में ट्विटर (अब एक्स) में जाने से पहले 2007 से 2009 तक भारत में गूगल के लिए सार्वजनिक–निजी भागीदारी के प्रमुख के रूप में कार्य किया। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वह देश में कंपनी के पहले कर्मचारी थे। जेटली ने 2016 के अंत में ट्विटर छोड़ दिया और द टाइम्स ग्रुप की वैश्विक निवेश शाखा, टाइम्स ब्रिज के सह–



संस्थापक और सीईओ बन गए। ओपनएआई के वैश्विक मामलों के उपाध्यक्ष अन्ना मकांजू अगले सप्ताह दिल्ली में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए तैयार हैं।

ओपनएआई की वर्तमान में देश में आधिकारिक उपस्थिति नहीं है। जून में, ऑल्टमैन ने अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके साथ भारत के टेक इकोसिस्टम पर चर्चा की। ऑल्टमैन, जिन्होंने इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईआईटी–दिल्ली) में छात्रों और अन्य लोगों को भी संबोधित किया, ने कहा कि उनकी पीएम मोदी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। ऑल्टमैन ने एक्स पर पोस्ट किया था, भारत के टेक इकोसिस्टम और एआई से देश कैसे लाभान्वित हो सकता है, इस पर चर्चा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के साथ शानदार बातचीत हुई। ऑल्टमैन ने भारतीय स्टार्टअप्स को नए रास्ते तलाशने और दुनिया में नवीन विचारों का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# टैक्सी ड्राइवर की बेटी को मुंबई ने किया मालामाल

नई दिल्ली। कीर्तना बालाकृष्णन के लिए 9 दिसंबर का दिन ऐतिहासिक रहा। महिला प्रीमियर ऑक्शन में मुंबई इंडियंस ने उन्हें उनके बेस प्राइज (10 लाख) पर अपनी टीम में शामिल किया। कीर्तना बालाकृष्णन अपने राज्य तमिलनाडु की पहली क्रिकेटर बनीं, जो 2024 में खेलेंगी। बालाकृष्णन के चयन के बाद भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने उनका पूरा बैकग्राउंड निकाल डाला। दिनेश कार्तिक ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए कीर्तना बालाकृष्णन की पूरी कहानी बताई। कार्तिक ने लिखा कि उन्हें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि खेलने वाली कीर्तना तमिलनाडु की पहली खिलाड़ी बनीं। मुंबई ने मिनी ऑक्शन में डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने कीर्तना को अमनदीप कौर, एस सजना, फतिमा जाफर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के साथ अपनी टीम में शामिल किया।

दिनेश कार्तिक ने बताया की कीर्तना बहुत साधारण परिवार से संबंध रखती हैं।



कीर्तना बालाकृष्णन के पिता टैक्सी चालक हैं। कीर्तना दाएं हाथ की बल्लेबाज और लेग स्पिनर हैं और निचले क्रम में बल्लेबाजी करना जानती हैं। मुंबई इंडियंस में चुने जाने के बाद कीर्तना अपनी छाप छोड़ना चाहेंगी। इसके अलावा उन्हें भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत, इस्सी वोंग, हेले मैथ्यूज, नैट साइवर ब्रंट और अमेलिया केर से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अभिनव मुकुंद के पिता से ली है ट्रेनिंग

कार्तिक ने बताया कि कीर्तना ने अनुभवी बल्लेबाज अभिनव मुकुंद के पिता टीएस मुकुंद से उनकी अकादमी में प्रशिक्षण लिया है। टीएस मुकुंद साधारण परिवार के युवा क्रिकेटरों को प्रशिक्षित करते हैं और उनसे पैसे भी नहीं लेते हैं। प्रशिक्षण देने के अलावा, मुकुंद अपने छात्रों को क्रिकेट किट भी देते हैं।

घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन

ऑलराउंडर कीर्तना ने घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन किया है। तमिलनाडु, इंडियन ग्रीन महिला, साउथ जोन और ऑरेंज ड्रैगन्स के लिए खेल चुकी हैं। 2021–22 फ्रीयर कप में उन्होंने 34 की औसत और 86 की स्ट्राइक–रेट से 102 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने चार विकेट भी लिए थे। वनडे टूर्नामेंट में तमिलनाडु के लिए खेलते हुए उन्होंने तीन बार 3–3 विकेट लिए हैं।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338